पोस्ट करें : प्रभात खबर, 15 पी, इंडस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची 834001 ■ **फैक्स करें :** 0651-2544006 ■ **मेल करें :** eletter@prabhatkhabar.in पर ■ ई-मेल संक्षिप्त व हिंदी में हो. लिपि रोमन भी हो सकती है.

न्यूज बाइट्स

शॉर्टकट ले रहा था, चल पड़ी ट्रेन, बाल-बाल बचा

फतेहपुर (गया). गया-कोडरमा रेलखंड के पहाड़पुर स्टेशन पर रविवार दोपहर एक युवक के ऊपर से पूरी मालगाड़ी गुजर गयी, लेकिन उसकी खरोंच तक नहीं आयी. सूत्रों के अनुसार, रविवार दोपहर डाउन लूप लाइन में बॉक्स एमटी मालगाड़ी खड़ी थी. इसी दौरान एक युवक जल्दबाजी में खड़ी मालगाड़ी के नीचे से होकर रेलवे ट्रैक पार करने लगा. तभी मालगाड़ी अचानक चल पड़ी. ट्रेन खुलते ही युवक घबरा गया, लेकिन उसने संयम नहीं खोया. सूझबूझ दिखाते हुए वह पटरी पर लेट गया. उसके ऊपर से पूरी मालगाड़ी गुजर गयी.

तीन दिसंबर को राज्यव्यापी आंदोलन : माले

पटना. भाकपा–माले की तीन दिवसीय केंद्रीय कमेटी की बैठक के बाद माले राज्य सचिव कुणाल ने रविवार को कहा कि चुनाव के बाद पूरे राज्य में दलित और गरीब समुदायों पर बुलडोजर चलाये जा रहे हैं. उन्होंने इसे दलितों और गरीब जनता के खिलाफ सीधे हमला करार दिया. कुणाल ने घोषणा की कि इस कार्रवाई के खिलाफ तीन दिसंबर को बिहार विधानसभा के समक्ष धरना आयोजित किया जायेगा.

अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस नेताओं का प्रदर्शन

पटना. नालंदा के रहुई प्रखंड के शिवनन्दन नगर में एक समुदाय के घरों पर बुल्डोज़र चलाने सहित दलित, महादलित और अतिपिछड़ा समाज अत्याचारों के विरोध में इन्कम टैक्स गोलंबर पर रविवार को कांग्रेस नेताओं ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया. इसमें बुल्डोज़र कार्रवाई की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की गयी. साथ ही दोषी अधिकारियों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गयी.

एनआइए का सुबह तीन बजे पूर्व पोस्टमास्टर के घर छापा

दिल्ली बम ब्लास्ट के तार खगड़िया से जुड़े

प्रतिनिधि, मानसी (खगड़िया)

दिल्ली बम ब्लास्ट के तार खगड़िया से जुड़ गये हैं. एनआइए की 15 सदस्यीय टीम ने मानसी के सैदपुर गांव में रविवार की सुबह तीन बजे छापेमारी की. छापेमारी के बाद सेवानिवृत्त पोस्टमास्टर अब्दुल हादी का मोबाइल एनआइए की टीम लेकर चली गयी. थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव वार्ड संख्या-8 निवासी सेवानिवृत्त ब्रांच पोस्टमास्टर अब्दुल हादी उर्फ नन्हू ने बताया कि एनआइए की टीम सुबह तीन बजे 10 फीट ऊंची दीवार फांदकर घर में घुस गयी. घर की तलाशी ली गयी. उन्होंने बताया कि घर में सभी जगह की तलाशी लेने के बाद टीम मेरे छोटे भाई दिवंगत अब्दुल अहद उर्फ साहेब के घर में घुसकर बक्सा, आलमारी की तलाशी ली. उन्होंने बताया कि किसी प्रकार का कोई सामान या आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली. अब्दुल हादी ने बताया एनआइए की टीम एक मोबाइल साथ ले गयी है.

छापेमारी के बाद पोस्टमास्टर के साथ ग्रामीण.

परिवार के सभी सदस्यों को गिरफ्त में ले लिया

अब्दुल हादी ने बताया कि सुबह तीन बजे घर के सभी सदस्य सोये हुए थे. इसी दौरान चहारदीवारी फांदकर एनआइए की 15 सदस्यीय टीम घर में घुस गयी. टीम में दो महिलाएं भी शामिल थीं. जब तक वह कुछ समझ पाते उन्हें एनआइए की टीम ने गिरफ्त में लिया. हादी ने बताया इस तरह घर में घुस कर तलाशी लेने से पूरे परिवार के लोग भयभीत हैं.

चार घंटे तक एनआइए की टीम ने की छापेमारी

सैदपुर गांव में अब्दुल हादी व स्व अब्दुल अहद के घर एनआइए की टीम सुबह तीन बजे से सात बजे तक छापेमारी की. रविवार की सुबह आसपास की सभी सड़कों व गलियों की नाकेबंदी कर दी गयी थी. किसी को बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गयी. स्थानीय लोगों में चर्चा का बाजार गरम हो गया. हालांकि प्रशासनिक पुष्टि नहीं हो पायी है.

नयी विस का सत्र आज से, कल स्पीकर चुने जायेंगे प्रेम कुमार

पटना. राज्य में 18वीं विधानसभा के पहले शीतकालीन सत्र की शुरुआत सोमवार से होगी. यह सत्र पांच दिसंबर तक चलेगा. इसको लेकर सुरक्षा बंदोबस्त सहित सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. शीतकालीन सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें निर्धारित की गयी हैं. सत्र के पहले दिन एक दिसंबर को नवनिर्वाचित विधानसभा सदस्यों का शपथ ग्रहण होगा. इनको प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव सदन की सदस्यता ग्रहण करने की शपथ दिलायेंगे. वर्ष 2010 के बाद पहली बार सदन में सत्ता पक्ष की ओर 200 से अधिक सदस्य होंगे. विपक्ष के सदस्यों की संख्या 38 होगी. इसी दिन दोपहर में नये विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन होगा. भाजपा के डॉ प्रेम कुमार विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे. दो दिसंबर को एक से अधिक नामांकन होने की स्थिति में अध्यक्ष पद का चुनाव होगा. एक ही नामांकन की स्थिति में डा प्रेम कुमार के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने की घोषणा की जायेगी. साथ ही तीन दिसंबर को बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक होगी.



डॉ प्रेम कुमार

रोजगार का बड़ा केंद्र बनकर उभर रहा है सोनपुर मेला : नीतीश कुमार

प्रतिनिधि, सोनपुर

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोनपुर मेला परिसर पहुंच कर अलग-अलग विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया. उन्होंने कहा कि सोनपुर मेला काफी ऐतिहासिक है. सरकार इसे सजाने व संवारने के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रही है. कहा कि मेला में आने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है और युवा वर्ग यहां आकर मेला की ऐतिहासिकता से अवगत हो रहे हैं. मुख्यमंत्री ने इस मेले को रोजगार का एक बड़ा केंद्र बताया. कहा कि खासकर महिलाएं भी अब यहां रोजगार का अवसर प्राप्त कर रही हैं.

सोनपुर मेले में लगे स्टॉल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार.

जीविका समूह को 98 करोड़ से अधिक की राशि हस्तांतरित : मुख्यमंत्री ने इस दौरान ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को राशि हस्तांतरित किया. जीविका सारण के अंतर्गत 2184 स्वयं सहायता समूहों को परियोजना एवं विभिन्न बैंकों के माध्यम से कुल 98 करोड़ 12 लाख की राशि प्रदान की गयी.

मजदूरों को कैंप लगाकर बिहार में दिया जायेगा रोजगार

संवाददाता, पटना

बिहार से दूसरे देश और राज्य में काम करने जाने वाले मजदूरों को कैंप लगाकर बिहार में रोजगार मिलेगा. इस दिशा में श्रम संसाधन विभाग के अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है. विभाग सबसे पहले मजदूरों के स्किल के मुताबिक बिहार में रोजगार सृजन करेगा. उसके बाद उन सभी मजदूरों को उनके घर के पास रोजगार मिलेगा. अधिकारियों ने रोजगार सृजन के लिए संबंधित सभी विभागों से पत्राचार शुरू कर दिया है, ताकि सरकारी व निजी विभागों में काम में इन्हें प्राथमिकता मिल सके.

बिहार में पांच आइएएस का तबादला, मिहिर बने विकास आयुक्त

पटना. राज्य में पांच आइएएस का तबादला रविवार को किया गया है. मिहिर कुमार सिंह को विकास आयुक्त की जिम्मेदारी दी गयी है. वे उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव थे. प्रमण्डलीय आयुक्त, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर राज कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, परिवहन विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है. इसके साथ ही सीके अनिल को बिहार राज्य योजना पर्षद के परामर्शी पद से स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव की जिम्मेदारी दी गयी है. ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव के अतिरिक्त प्रभार में कार्यरत दीपक कुमार सिंह को अब स्थानांतरित करते हुए महानिदेशक-सह-मुख्य जांच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है. बिहार भवन, नयी दिल्ली के स्थानिक आयुक्त कुंदन कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक उद्योग विभाग के सचिव की जिम्मेदारी दी गयी है. लघु जल संसाधन विभाग के सचिव बी कार्तिकेय धनजी (अतिरिक्त प्रभार-सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है.

बंगला खाली हुआ, तो महुआबाग में शिफ्ट हो जायेंगे लालू-राबड़ी!

संवाददाता, पटना

पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास को खाली करने का नोटिस भेजा गया है. राबड़ी देवी को 39 हार्डिंग रोड में नया सरकारी बंगला आवंटित किया गया है. हालांकि राजद के प्रदेश अध्यक्ष सहित कई नेताओं के बयान आये हैं कि यह बंगला खाली नहीं किया जायेगा. जरूरत पड़ी तो पार्टी कोर्ट का दरवाजा भी खटखटा सकती है. सूत्रों के अनुसार यदि बंगला खाली करने की नौबत आती है तो लालू व राबड़ी के नये आवंटित बंगले में शिफ्ट होने की संभावना बेहद कम है, ऐसी परिस्थिति में लालू-राबड़ी परिवार सरकारी बंगले के बजाय दानापुर के महुआबाग में बन रहे आवास में शिफ्ट हो सकता है.

महुआबाग में बन रहा लालू प्रसाद का मेंशन.

पिछले पांच साल से बन रहा मेंशन : दानापुर के महुआबाग में लालू परिवार का निजी आवास पिछले करीब पांच वर्षों से निर्माणाधीन है. अब इसके इंटीरियर पर काम जारी है, जो जल्द पूरा होने की संभावना है.

बेलसंड विधायक को मिली जान से मारने की धमकी

मुजफ्फरपुर. सीतामढ़ी जिले के बेलसंड विधानसभा क्षेत्र से लोजपा रामविलास के टिकट पर नवनिर्वाचित विधायक अमित कुमार रानू को जान से मारने की धमकी मिली है. उनके निजी सचिव सौरभ कुमार ने मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है. दारोगा प्रमोद प्रसाद केस के आइओ हैं. वह दिये गये मोबाइल नंबर के आधार पर छानबीन में जुटे हैं. प्रारंभिक छानबीन में पुलिस को पता चला है कि जिस नंबर से नवनिर्वाचित विधायक को धमकी मिली है, वह नंबर राहुल सिंह के नाम से टू कॉलर में दिख रहा है.

बाइक सवार, इ-रिक्शा, पैदल यात्री... जो मिला उसे रौंदता गया ट्रक, पांच की मौत

प्रतिनिधि, मोतिहारी

कोटवा थाने के दीपउ मोड़ के पास रविवार को तेज रफ्तार ट्रक ने एक साथ आठ से अधिक बाइक व इ-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी. इससे पांच लोगों की मौत हो गयी. वहीं, आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. घटना रविवार को दोपहर करीब 12.30 बजे के आसपास की है.घटना से आक्रोशित लोगों ने जमकर बवाल किया. एनएचएआइ की गाड़ी को फूंक दिया. वहीं डुमरियाघाट थाने की गाड़ी व डायल 112 की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया. थानाध्यक्ष से लेकर डीएसपी तक से आक्रोशित लोगों की तीखी नोकझोंक हुई.

तीन बाइक को दस मीटर तक घसीटा : दोपहर साढे बाहर बजे कोटवा दीपउ मोड़ क्रॉस करने के लिए दर्जनों बाइक सवार, इ-रिक्शे व पैदल यात्री खड़े थे. इस बीच तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने डिवाइडर को तोड़ते हुए सड़क पार करने के इंतजार में खड़े लोगों को रौंद दिया. इस दौरान ट्रक के नीचे तीन बाइक फंसी रह गयी, लेकिन चालक ने ट्रक नहीं रोका और करीब दस मीटर तक तीनों बाइक को घसीटते ले गये.

झारखंड

न्यूज बाइट्स

चौका में कुएं से शव बरामद तीन दिन से लापता था

चौका. ईचागढ़ के चितरी गांव में कुएं से पुलिस ने रविवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया है. शव की पहचान रांची के सोनाहातू के बारेंदा गांव निवासी दलगोबिंद सिंह (56) के रूप में हुई है. कुआं में शव मिलने पर लोगों ने इसकी सूचना ईचागढ़ थाना को दी. पुलिस शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला भेज दिया है. वह कई वर्षों से ईचागढ़ के चितरी गांव में परिवार के साथ रहता था. दलगोबिंद सिंह बीते शुक्रवार से घर से लापता था.

गोला : युवक ने फांसी लगा कर दे दी जान

गोला. गोला थाना क्षेत्र की हेंसापोड़ा पंचायत अंतर्गत परसाडीह गांव में पेड़ से लटका युवक का शव मिला. पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान लालधन मांझी के पुत्र सुनील हेंब्रम के रूप में हुई है. परिजनों ने बताया कि सुनील शनिवार रात से लापता था. उसकी खोजबीन की गयी, लेकिन उसका पता नहीं चला. रविवार सुबह 11 बजे ग्रामीणों को शव पेड़ पर लटका हुआ दिखाई पड़ा. इसके बाद परिजनों को सूचना दी गयी. बताया जाता है कि सुनील रामधन मांझी का छोटा पुत्र था. वह अविवाहित था. वह ट्रैक्टर चालक था. गांव में इस घटना को लेकर प्रेम-प्रसंग सहित अन्य मामले से भी जोड़ कर चर्चा की जा रही है.

प्रभात खबर संवाद. देश के कोकिंग कोल का 20 फीसदी स्टॉक बीसीसीएल में

बीसीसीएल का भविष्य उज्जवल, आनेवाले समय में कोकिंग कोल की मांग बढ़ेगी : सीएमडी

वरीय संवाददाता, धनबाद

- क्वालिटी से समझौता नहीं, लापरवाह अधिकारी नपेंगे
- नक्सलवाद की तरह खत्म होगी कोयला चोरी
- कारपोरेट अस्पताल की तर्ज पर विकसित होगा केंद्रीय अस्पताल

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल रविवार को प्रभात खबर के धनबाद कार्यालय पहुंचे. उन्होंने प्रभात खबर संवाद में कोयला उद्योग के भविष्य से लेकर नये श्रम कानून एवं झरिया मास्टर प्लान के क्रियान्वयन से संबंधित सवालों का खुलकर जवाब दिया.

सीएमडी ने कहा कि बीसीसीएल का भविष्य उज्जवल है. देश में कोकिंग कोल की मांग आने वाले दिनों में घटने की बजाय बढ़ने वाली है. भारत में सबसे ज्यादा कोकिंग कोल का स्टॉक बीसीसीएल के पास है. इस्पात उद्योग के लिए कोकिंग कोल की सबसे ज्यादा जरूरत है. वहीं कंपनी कोयले के इतर भी सीबीएम व सोलर प्लांट जैसे डायवर्सिफिकेशन प्रोजेक्ट पर भी तेजी काम कर रही है. जल्द ही सीबीएम का उत्पादन शुरू होने की संभावना है. नये श्रम कानून से मजदूरों को लाभ होगा. यह कहीं से भी मजदूर विरोधी नहीं है. इससे जेंडर भेद समाप्त हुआ है. सबको काम का बराबर मौका मिलेगा. आने वाले समय में कोयला चोरी समाप्त होगी. नक्सलवाद की तरह इसका भी अंत होगा. झरिया के अग्नि एवं भू-धंसान प्रभावितों के लिए मंजूर रिवाइज्ड मास्टर प्लान का हर हाल में क्रियान्वनय होगा. जून 2028 तक तय समय-सीमा में सभी कार्य होंगे.

चार नये श्रम कानूनों से होगा लाभ

मनोज कुमार अग्रवाल.

नये श्रम कानून को लेकर कोयला उद्योग में विभिन्न श्रम संगठनों के विरोध के सवाल पर कहा कि नया श्रम कानून को लेकर किसी को चिंतित होने की जरूरत नहीं है. यह मजदूरों के हित में है. सरल भाषा में कहें कि पहले जहां मजदूरों के लिए 29 कनून थे. वहीं अब सिर्फ चार रह गया है. अब महिलाएं भी कोयला उद्योग में 24 घंटे काम कर सकती हैं. पहले महिलाओं को पात्रि ड्यूटी नहीं मिलती थी. काम का घंटा भी तय हो गया है. ठेका मजदूरों को भी न्यूनतम मजदूरी मिलेगी. साथ ही मेडिकल सुविधाएं एवं बीमा का लाभ मिलेगा.

कोढ़ है कोयला चोरी चंद लोगों को ही लाभ

कोयला चोरी की चुनौती पर कहा कि कोयला चोरी जल्द ही समाप्त होगी. नक्सलवाद की तरह इसका भी अंत होगा. कोयला चोरी कोढ़ है. इससे चंद लोगों को ही लाभ होता है. जबकि इस काम में लगे लोग बहुत कठिन श्रम करते हैं. उन्हें कई तरह की समस्याएं झेलनी पड़ती है.

prabhatkhabar.com पर संबंधित वीडियो देखने के लिए स्कैन करें

रायडीह : सड़क दुर्घटना में पांच माह की मासूम की मौत, छह लोग घायल

रांची से चैनपुर मेहमानी में आये थे, लौटने के क्रम में हुआ हादसा

प्रतिनिधि, रायडीह

रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मरियमटोली में रविवार की शाम सड़क दुर्घटना हुई. इसमें रांची के दलादली निवासी एक ही परिवार के सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, जिसमें मासूम अमायरा कुजूर (पांच माह) की मौत हो गयी. हादसा इतना भयावह था कि मौके पर अफरा-तफरी मच गयी.

स्थानीय लोगों, पुलिस और समाजसेवी अशरफ राय लालो की मदद से घायलों को रायडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. गुमला सदर अस्पताल पहुंचते डॉक्टरों ने पांच माह की मासूम अमायरा कुजूर को मृत घोषित कर दिया. घायलों में पात्रिक बेक (40 वर्ष), हरलीना एक्का (37 वर्ष), निलोफर एक्का (32 वर्ष), अमित कुजूर (37 वर्ष), अमायरा कुजूर (पांच माह), इवान डायलोन बेक व संगीता गोगोराई (16 वर्ष) शामिल हैं. सभी घायलों की हालत चिंताजनक बतायी जा रही है. जानकारी के अनुसार सभी लोग एक कार से चैनपुर एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने आये थे. कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वे रांची लौट रहे थे. इस दौरान मरियमटोली के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी. इधर, सदर अस्पताल में अमायरा की मौत की खबर सुनते परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

चास : वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत

तलगड़िया. चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चास–तलगड़िया मुख्य पथ पर धनडाबर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घलटु रजवार (48 वर्ष) की मौत हो गयी. घटना रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे की है. बताया जाता है कि घलटू रजवार अपनी बाइक (जेएच 09 कियु 2311) से अमलाबाद ओपी क्षेत्र भंडारीबांध गांव में रिश्तेदार के यहां पार्टी से अपने घर भवानीपुर साइड चास लौट रहा था. इसी क्रम में उसकी बाइक वाहन की चपेट में आ गयी. घटना के बाद थोड़ी देर के लिए सड़क जाम हो गया था. मृतक जोधाडीह मोड़ की दुकान में मजदूरी पर काम करता था. उसके दो पुत्र हैं. वह परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था. इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को उठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया, लेकिन परिजन व ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव उठाने नहीं दिया. कहा कि जब तक मुआवजा नहीं मिल जाता है, तब तक शव उठाने नहीं देंगे. समाचार लिखे जाने तक शव सड़क पर ही पड़ा था.

एसआइआर का झारखंड में कोई असर नहीं, बिहार की ज्यादा जानकारी नहीं

मुख्य संवाददाता, जमशेदपुर

- विधानसभा अच्छे से चले, तैयारी पूरी, आगामी पांच दिसंबर से 11 दिसंबर 2025 तक चलेगा शीतकालीन सत्र.
- भारत सरकार के उपक्रम यूसीआइएल में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले, इसे लेकर सरकार से बात करेंगे.

झारखंड में मतदाता एसआइआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) का कोई असर नहीं है. झारखंड में हुए हाल में हुए घाटशिला उपचुनाव इसका ताजा उदाहरण है. यह बातें झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने रविवार को स्थानीय परिसदन में 'प्रभात खबर' से बातचीत में कही.

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष श्री महतो ने बिहार चुनाव में एसआइआर को लेकर सवाल पर कहा कि उन्हें बिहार की ज्यादा जानकारी नहीं है. उन्होंने कहा कि विधानसभा अच्छे से चले, इसकी तैयारी की जा रही है. आगामी पांच दिसंबर से 11 दिसंबर 2025 तक शीतकालीन सत्र चलेगा. विधानसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि भारत सरकार के उपक्रम यूसीआइएल में स्थानीय युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले, इसे लेकर सरकार से बात करेंगे. यूसीआइएल में तृतीय व चतुर्थवर्गीय स्तर की राष्ट्रीय बहाली का विरोध कर रहे हैं. इसे लेकर स्थानीय युवाओं का एक प्रतिनिधिमंडल झामुमो जिला संयोजक बाघराय मार्डी के नेतृत्व में रविवार को उन्हें ज्ञापन सौंपकर ध्यान आकृष्ट कराया है. राज्य के विकास व माहौल के एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि राज्य में रोजगार का अच्छा माहौल है. सरकार ने युवाओं को डिप्टी कलेक्टर से लेकर अन्य पदों का नियुक्ति पत्र बांटा है.

सेक्स समस्याओं का प्रभावशाली समाधान

शुगर एवं बीपी में लाभदायक
मात्र 400/- 600/-
12 घंटे असर
आधुनिक आविष्कार
शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, नपुंसकता, इन्द्री की कमजोरी व इन्द्री का छोटापन के लिए विशेष लाभदायक
100% आयुर्वेदिक
18 वर्ष से 80 वर्ष तक लाभदायक
0852169839 9
0822890141 9

बंदर के हमले से जवाहर नवोदय विद्यालय के चार छात्र घायल

गांडेय. बंदर के हमले में जवाहर नवोदय विद्यालय की एक छात्रा समेत चार विद्यार्थी रविवार को घायल हो गये. शिक्षक और कर्मचारी घायल बच्चों को लेकर सीएचसी पहुंचे. वहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया. बच्चों को टीकाकरण के लिए सोमवार की सुबह बुलाया गया है. जानकारी के अनुसार, रविवार की दोपहर विद्यालय परिसर में अचानक एक बंदर पहुंच गया. वह सीधे मेस में घुस गया. उसे देख कर छात्र हड़बड़ा गये. इसी क्रम में बंदर ने हमला कर चार विद्यार्थियों को घायल कर दिया. सूत्रों की मानें, तो शनिवार की शाम गांधीनगर के जंगल में कुछ युवकों ने उक्त बंदर को शराब पिला दी थी. शराब पीने के बाद बंदर नशे में हरकत करने लगा था.

घोड़थंभा में असामाजिक तत्वों ने आदिवासियों का घर जमींदोज किया

प्रतिनिधि, खोरीमहुआ

- रोहनियाटांड़ गांव की घटना, शादी समारोह में गये थे पीड़ित लोग

घोड़थंभा ओपी क्षेत्र अंतर्गत रोहनियाटांड़ गांव में शनिवार की देर रात असामाजिक तत्वों ने शादी समारोह में गये कई आदिवासी परिवारों के घर को निशाना बनाया. इस दौरान उनके कच्चे और टिनशेड घरों को जमींदोज कर दिया. रविवार की सुबह जब परिवार के सदस्य लौटे, तो अपना टूटा-फूटा आशियाना देखकर स्तब्ध रह गये. पीड़ित लोगों ने पारंपरिक तरीके से डुगडुगी बजाकर ग्रामीणों को एकत्रित किया तथा बैठक कर इस घटना पर आक्रोश व्यक्त किया. सुकेश हेंब्रम, ब्रह्मदेव टुडू आदि आदिवासी नेताओं ने इसे एक सोची-समझी शरारत बताते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की. भुक्तभोगी महान मालिक जगदीश बास्के, संझलु बास्के, नरेश हेंब्रम, सुरेश बास्के, मदन बास्के, नरेश बास्के, चरकू बास्के, बबुआ मुर्मू आदि ने बताया कि घर के अंदर राशन, कपड़े, बर्तन आदि सब दब गये हैं. कहा कि रात के अंधेरे में घर तोड़े जाने की यह पहली घटना है. सूचना पर घोड़थंभा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की. ओपी प्रभारी धर्मेंद्र अग्रवाल ने आदिवासी परिवारों को आश्वस्त किया कि घटना गंभीर है और इसमें शामिल व्यक्तियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जायेगी.

कोयला लदा ट्रक जब्त

बोकारो थर्मल. बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत कथारा स्थित ऑटो लाइफ पेट्रोल पंप परिसर से पुलिस ने 35 टन कोयला लदा एक ट्रक (यूपी 67 एटी 2025) जब्त किया. मामले में ट्रक के चालक व मालिक पर केस दर्ज किया गया है. थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई की. इसके बाद पुलिस जवान ट्रक को जब्त कर थाना ले आये.

सेक्स समस्याओं का प्रभावशाली समाधान

शुगर एवं बीपी में लाभदायक
मात्र 400/- 600/-
12 घंटे असर
आधुनिक आविष्कार
शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, नपुंसकता, इन्द्री की कमजोरी व इन्द्री का छोटापन के लिए विशेष लाभदायक
100% आयुर्वेदिक
18 से 80 वर्ष तक के लिए लाभदायक
9709991888
9709992888

वर्ष : 42, अंक : 325, रजिस्ट्रेशन : आर एन 44208/1984, पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /022/2018-20, प्रभात खबर हवाई शुल्क : पटना, कोलकाता : 10 पैसे, लखनऊ, नयी दिल्ली : 15 पैसे, अखबार के स्वामी न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक : आशुतोष चौबे द्वारा प्रकाशित तथा न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि., एम.एच.आई. बिल्डिंग, ओल्ड हजारीबाग रोड, कोकर, रांची-834001, (झारखंड) से मुद्रित और न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि., 15-पी, कोकर इंडस्ट्रियल एरिया, रांची (झारखंड) से प्रकाशित. संपादक (रांची संस्करण) : विजय पाठक*, प्रबंध संपादक : अंकित शुक्ला, प्रधान संपादक : आशुतोष चतुर्वेदी, फोन : संपादकीय 6613100, 6613140, विज्ञापन : 6613106, प्रसार विभाग : 6613114, ई मेल : ranchi@prabhatkhabar.in (* पीआरपी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार.)

तैयारी • लावारिस कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने की कवायद, हर माह 50 के करीब कुत्तों का बधियाकरण

नवादा में 10 एकड़ भूमि पर बनेगा लावारिस कुत्तों का आश्रय स्थल

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

शहर में लावारिस कुत्तों के लिए नवादा गांव मे करीब 10 एकड़ भूमि पर आश्रय स्थल बनाया जाएगा। वहां एक साथ करीब 5000 कुत्तों को रखा जा सकेगा। वहां डाक्टर की भी तैनाती की जाएगी। पूरा स्थल सीसीटीवी कैमरे की जद में रहेगा। शहर में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लेकिन निगम की ओर से एक भी शेल्टर नहीं है।

निगम के आंकड़ों की माने तो शहर के 46 वार्डों में आवारा कुत्तों की संख्या 18 हजार के करीब है। निगम ने स्ट्रीट डॉग के बधियाकरण के लिए एजेंसी गठित की है। यह एजेंसी हर माह 50 के करीब कुत्तों का बधियाकरण करती है। जिससे उनकी संख्या को नियंत्रित किया जा सके।

एजेंसी के पदाधिकारियों के अनुसार एक साल में 3400 कुत्तों का बधियाकरण किया गया है। इसके बावजूद शहर में कुत्तों की संख्या बढ़ रही है। लिहाजा कुछ समय पहले सीएम नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को लावारिस कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने का आदेश दिया था। इसके बाद नगर निगम की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

सुप्रीम कोर्ट भी लगा चुका है फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों अपने एक फैसले में कहा था कि कुत्तों को खाना खिलाने के स्थान सुरक्षित और नियंत्रित तरीके से तय किए जाएं, ताकि लोगों की सुरक्षा प्रभावित न हो। शहर में यह व्यवस्था अभी तक नहीं है। नतीजतन सड़कें, गली-मोहल्ले भोजन स्थलों में बदल गए हैं। जहां रोज लोग कुत्तों को खाना खिलाते हैं। इससे वहां कुत्तों का जमावड़ा बना रहता है।

निगम के पास कार्रवाई का विकल्प

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि नियम कुत्तों को सड़क से उठाकर स्थायी रूप से कहीं रखने की अनुमति नहीं देते। एबीसी (एनीमल बर्थ कंट्रोल) प्रोग्राम के तहत कुत्तों को पकड़कर नसबंदी व टीकाकरण कर उसी इलाके में छोड़ा जाता है। लेकिन जब कोई कुत्ता बार-बार काट रहा हो या आक्रामक हो जाए तो निगम के पास उसे रखने का स्थान ही नहीं है।

शहर में आवारा कुत्तों और लावारिस पशुओं के लिए नवादा गांव में जगह देखी जा रही है। पांच से 10 एकड़ जमीन हमें मिलने की उम्मीद है। जहां पांच हजार से अधिक कुत्तों और पशुओं को रखने की व्यवस्था होगी।
-अशवीर सिंह, विशेष स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

हेल्प लाइन नंबर जारी किया

स्वास्थ्य विभाग ने तीन हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इन पर लोग कुत्तों से संबंधी किसी भी समस्या की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ये नंबर हैं 0129-2411649, 0129-2411664, 0129-2415449 हैं। इसके साथ ही नगर निगम के अधिकृत वेंडर द्वारा भी एक अलग शिकायत नंबर जारी किया गया है। लोग 76890 44463 इस नंबर पर कुत्तों को पकड़ने, नसबंदी, आक्रामक कुत्तों की सूचना या किसी भी अन्य समस्या से जुड़ी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे।

ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-77 में नया ब्लॉक का होगा विकास

कोर्ट केस हुआ खत्म, जनवरी से शुरू होगा काम

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) सेक्टर-77 में जल्द ही एक नया ब्लॉक विकसित करेगा। इसकी योजना तैयार की जा रही है। प्राधिकरण ने सेक्टर 77 में पहले से ही काफी विकास कार्य हुए हैं। इस सेक्टर में पांच से छह एकड़ जमीन ऐसी थी, जिस पर कोर्ट केस चल रहा है। एचएसवीपी ने इस जमीन को पहले अधिग्रहण कर लिया था, लेकिन पहले यह जमीन जिस व्यक्ति की थी, उसने से रिलीज करने का केस डाला हुआ था। कोर्ट ने अब एचएसवीपी के पक्ष में फैसला दिया है। इसके बाद एचएसवीपी ने इस पॉकेट को विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी हैं। जमीन के इस हिस्से में एचएसवीपी साल 2022 में ही प्लॉट अलॉट कर चुका था, लेकिन कोर्ट केस के साथ यहां विकास कार्य नहीं हो पा रहे थे। इससे जिन्हें यहां प्लॉट अलॉट किए गए हैं वे लोग यहां घर नहीं बना पा रहे थे। एचएसवीपी ने करीब 63 करोड़ के टेंडर लगाए गए हैं। जनवरी में काम शुरू कर दिया जाए। एचएसवीपी के अधीक्षण अभियंता संदीप दहिया ने कहा, प्राधिकरण ने दो महीने में काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

बैंक अधिकारी से एक करोड़ की ठगी, केस दर्ज

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

साइबर ठगों ने शेयर बाजार में पैसा निवेश का झांसा देकर एक बैंक अधिकारी से करीब एक करोड़ रुपए ठग लिए। आरोपियों ने पीड़ित को पैसा निवेश करने पर कई गुना मुनाफे की बात कही थी। उन्होंने अपने को बड़ी कंपनियों का फाइनेंस एडवाइजर बताया था। साइबर थाना एनआईटी की पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पीड़ित सेक्टर-21 में परिवार के साथ रहते हैं। वह एक बैंक में अधिकारी हैं।

ट्रैक्टर-ट्राली से ऑटो टकराया, चालक की मौत

भास्कर न्यूज | पलवल

नेशनल हाईवे पर मुंडकटी थाने के निकट सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली से टकराने से ऑटो चालक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार यूपी के कन्नौज जिले के रहने वाले अमित ने बताया कि उनका भाई सतेंद्र गुरुग्राम में ऑटो चलाता था। शनिवार शाम वह कन्नौज से गुरुग्राम ऑटो से जा रहा था। रविवार देर रात ऑटो की टक्कर मुंडकटी थाने के समीप हाईवे किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्राली से हो गई।

कवायद • लगेंगी बड़ी स्क्रीन, 400 करोड़ की लागत से विकास

फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर लगेंगी डिजिटल मशीन, मिलेगी जानकारी

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

शहर में प्रथम श्रेणी स्टेशन के रूप में विकसित हो रहे फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर बड़ी-बड़ी डिजिटल मशीनें लगाई जाएंगी। इससे यात्रियों ट्रेन के आगमन -प्रस्थान, प्लेटफॉर्म आदि की सही जानकारी समय रहते मिल सकेगी। यात्री मिनट-टू-मिनट ट्रेनों की लाइव अपडेट देख सकेंगे। इससे यात्रियों को काफी लाभ होगा। फरीदाबाद को औद्योगिक नगरी के रूप में जाना जाता है। यहां करीब 30 हजार छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाइयों में करीब आठ लाख कामगार हैं। इनकी और जिले के लोगों की सुविधा के लिए फरीदाबाद में तीन रेलवे स्टेशन हैं। इनमें से ओल्ड फरीदाबाद सबसे बड़ा स्टेशन है। इसे अमृत भारत योजना के तहत करीब 400 करोड़ की लागत से विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। स्टेशन के दोनों तरफ पांच-पांच मंजिला पार्किंग तैयार की जा रही है। इसमें एयरपोर्ट की तर्ज पर आगमन और प्रस्थान अलग-अलग होगा। स्टेशन के दोनों तरफ मल्टीलेवल कार पार्किंग भी होगी।

पूछताछ केंद्र से मिल जाएगा छुटकारा

यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी ट्रेनों की लाइव अपडेट की होती है। फरीदाबाद से आगरा, मथुरा, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई सहित देश के विभिन्न राज्यों में ट्रेनें चलती हैं। ऐसे में अनेक यात्रियों को ट्रेनों की लाइव स्थिति जानने के लिए बार-बार पूछताछ केंद्र के चक्कर काटने पड़ते हैं। लाइव स्क्रीन लगने से यात्रियों को ट्रेन के आगमन, प्रस्थान, प्लेटफॉर्म नंबर, विलंब की स्थिति और कोच पोजीशन जैसी जानकारी के लिए मोबाइल एप या पूछताछ केंद्र पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

चरणबद्ध तरीके से लागू होगी योजना

ऑटोमेटेड पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम (एपीआईएस) को चरणबद्ध तरीके से लागू होने के बाद किसी भी ट्रेन का लाइव स्टेटस उसके निर्धारित आगमन समय से चार घंटे पहले स्क्रीन पर दिखाई देने लगेगा। ट्रेन कहां है, कितनी देर में पहुंचेगी, कितना विलंब है और किस प्लेटफॉर्म पर आएगी ये सभी जानकारियां वास्तविक समय के अनुसार अपडेट होती रहेंगी।

इस तरह काम करेगा यह नया सिस्टम

एपीआईएस को सीधे सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम के सर्वर से जोड़ा जाएगा। सिस्टम में सिम आधारित इंटरनेट तकनीक होगी। जिसके जरिए ट्रेन का वास्तविक समय पर आधारित अपडेट प्लेटफॉर्म स्क्रीन तक पहुंचेगा। इससे खराब नेटवर्क या एप लोडिंग की समस्या से राहत मिलेगी। फिलहाल यह सिस्टम दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर स्टेशन पर है।

नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगे 12 लाख रुपए

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जालसाजों ने एक व्यक्ति को हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के जरिए सेल्स टैक्स आफिसर की नौकरी दिलाने का झांसा देकर करीब 12 लाख रुपए ठग लिया। एनआईटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़ित सुरजीत सिंह कालोनी में रहते हैं। शुभम ने हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन में नौकरी के लिए साल 2023 में आवेदन किया था। इसी दौरान ग्रेटर फरीदाबाद निवासी जानकार मनोज दुबे से उनकी मुलाकात हुई। उसने किसी और से मिलवाया।

सूबेदार हितेश की ड्यूटी के दौरान मौत, शहीद को विदाई दी

पलवल | हथीन क्षेत्र के गहलब गांव निवासी सूबेदार हितेश सहरावत की लेह लद्दाख में ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से मौत हो गई। शहीद का पार्थिव शरीर रविवार को पैतृक गांव पहुंचा। इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ शहीद अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान शहीद सूबेदार हितेश सहरावत अमर रहें और भारत मां के जयघोष से आकाश गूंज उठा। हितेश 15 फरवरी 2001 को सेना में बतौर ड्राइवर भर्ती हुए थे। इस समय वह सूबेदार थे।

हसनपुर में नौ करोड़ की लागत से बनेगा अत्याधुनिक एसटीपी

तीन एमएलडी वाला एसटीपी फिलहाल छोटा पड़ रहा

भास्कर न्यूज | पलवल

हसनपुर में नौ करोड़ की लागत से अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाया जाएगा। इसके अलावा पहले से संचालित तीन एमएलडी क्षमता वाले पुराने एसटीपी को भी अपग्रेड किया जा रहा है। इसकी तैयारी जनस्वास्थ्य विभाग ने शुरू कर दी है। जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए करीब दस वर्ष पहले यमुना किनारे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया था। इसमें शहर का गंदा सीवर का पानी आता है। जिसे साफ करने के बाद यमुना नदी में छोड़ दिया जाता है। कुछ वर्षों में हसनपुर की आबादी में काफी वृद्धि हुई। साथ ही सहनौली गांव भी इस सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ दिया गया। ऐसे में तीन एमएलडी वाला एसटीपी छोटा पड़ रहा है। इससे सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहता रहता है।

गीता जयंती : द्रौपदी चीरहरण से श्रीकृष्ण लीला की शुरुआत

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

गीता जयंती महोत्सव रविवार को ऊर्जा, उल्लास और सांस्कृतिक विविधता के रंगों से सराबोर रहा। विभिन्न शिक्षण संस्थानों के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि सभागार तालियों से गूंजता रहा। कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनआईटी-5 की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत महाभारत के द्रोपदी चीरहरण प्रसंग से हुई। इसके बाद संध्या चौधरी ने रागनी के सुरों की ऐसी मिठास घोली कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। उनकी गायकी की सुरीली लय, अभिव्यक्ति की स्पष्टता और प्रस्तुति की गरिमा ने लोगों का मन मोह लिया। दर्शकों ने पूरा उत्साह दिखाते हुए तालियों के माध्यम से उनका उत्साह बढ़ाया।

दर्जनभर मामलों में लाखों की ठगी करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

नूंह | साइबर क्राइम यूनिट दो शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से फर्जी आईडी पर एक्टिव मोबाइल सिम, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड व संदिग्ध लेनदेन का रिकार्ड बरामद किया है। आरोपियों पर लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस की एक टीम ने सिकरावा-पुन्हाना रोड पर दबिश देकर चांदडाका निवासी राशिद उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार किया। उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए। इनमें फर्जी आईडी पर एक्टिव सिम कार्ड डले हुए थे। आरोपियों ने मोबाइल पर व्हाट्सएप आईडी पंकज सिंह के नाम से बना रखी थी। जांच में पता चला कि आरोपी के खिलाफ 12 से ज्यादा साइबर ठगी के केस दर्ज हैं और इसने करीब 6 लाख रुपये की ठगी कर रखी है।

डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग महिला से 78.89 लाख रुपए वसूले

गुरुग्राम | साइबर क्राइम साउथ एरिया में जालसाजों ने मनी लॉन्ड्रिंग में अरेस्ट वारंट का दे दिखा कर बुजुर्ग महिला से 78,89,981 रुपए ठग लिए। बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट करके वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़ित महिला की शिकायत और पुलिस ने किस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सेक्टर-67 निवासी तमिता सेठी (70) ने पुलिस को शिकायत दी कि 21 नवंबर को उनके घर पर लगे एयरटेल लैंडलाइन नंबर पर एक कॉल आई। कॉलर ने बताया कि आपके आधार कार्ड का मनी लॉन्ड्रिंग में गलत इस्तेमाल करने पर आपके खिलाफ अरेस्ट वारंट है। थोड़ी ही देर में तमिता सेठी के व्हाट्सएप पर कॉल आई और बताया कि आपके अकाउंट का मनी लॉन्ड्रिंग में गलत इस्तेमाल किया गया है।

शिकंजा • सीबीआई अफसर बनकर डिजिटल अरेस्ट किया, 2.92 करोड़ ठगे

आरोपी वीजा कंसल्टेंट को गुजरात से किया गिरफ्तार, कई ठगी का खुलासा

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर 2.92 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में गुजरात से वीजा कंसल्टेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने भाई के माध्यम से साइबर ठगों को बैंक अकाउंट मुहैया कराए थे। उस अकाउंट का प्रयोग कर 39 लाख रुपए ठगने की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस इस मामले में अब तक वीजा कंसल्टेंट व उसके भाई समेत 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

दरअसल, साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस में बीती चार दिसंबर को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि उसके बेटे के पास एक व्हाट्सएप पर ऑडियो कॉल आया। जिसमें बताया गया कि इसके बेटे के आधार कार्ड का हवाला के काम में प्रयोग हुआ है। जब उसने मना किया तो उन्होंने केस दर्ज कराने की बात कही और एक सीबीआई अफसर से वीडियो कॉल करके डिजिटल अरेस्ट करने की बात कही। हवाला केस में शामिल होने का डर दिखाकर उन्होंने अलग-अलग बैंक खातों में कुल 02.92 करोड़ रुपए ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान की अगुवाई में साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस ने 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने गुजरात से वीजा कंसल्टेंट को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान गुजरात के तापी निवासी आशीष भाई रमनलाल राणा (36) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है और उससे अन्य वारदातों व अन्य साथी आरोपियों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

ठगी के बाद राशि को अलग-अलग खाते में किया ट्रांसफर

गुरुग्राम। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

दुबई में वीजा कंसल्टेंट के रूप में काम करता था आरोपी

पूछताछ में पता चला कि वह वर्ष 2021 से दुबई में वीजा कंसल्टेंट के रूप में काम करता है। मई में वह दुबई से भारत आया था। आरोपी ने ठगी गई राशि 2.92 करोड़ रुपए उसके व अन्य साथी आरोपियों द्वारा अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कराए गए थे। इनमें से 39 लाख रुपए अशीष भाई रमनलाल राणा द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक खाते में ट्रांसफर हुए थे। यह बैंक खाता उसके भाई मितेश ने ही उसे उपलब्ध कराया था। इसके बाद आशीष भाई रमनलाल राणा ने वह बैंक खाता साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था।

पुलिस ने इस केस में अब तक आरोपी आशीष भाई रमनलाल राणा व इसके भाई मितेश सहित 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी आशीष भाई रमनलाल राणा को दो दिन के रिमांड पर अन्य वारदातों व अन्य साथी आरोपियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।
-प्रियांशु दीवान, एसीपी साइबर क्राइम

कांकरौला के नाले में मिली युवक की डेड बॉडी; चोट के निशान मिले, हत्या की आशंका

कपड़ों से नहीं मिला कोई भी पहचान पत्र, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

खेड़कीदौला थाना क्षेत्र में तेजधार हथियार से गला रेतकर युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। युवक का शव गांव कांकरौला के गंदे नाले में मिला है। जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हत्या का केस दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी।

शनिवार की सांय को राहगीरों ने गांव कांकरौला के गंदे नाले में एक शव देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया। मृतक की अभी पहचान नहीं हुई है और उसकी उम्र करीब 35 साल बताई गई है। उसका शव फूलकर पानी के ऊपर आया हुआ था। पुलिस को कोई दस्तावेज या पहचान पत्र नहीं मिला, ताकि शव की पहचान हो सके। पुलिस मृतक युवक की पहचान करने के प्रयास कर रही है। आशंका है कि युवक की हत्या करने के बाद बाद शव को सबूत मिटाने और पहचान छिपाने के इरादे से नाले में फेंका गया था। पुलिस का मानना है कि युवक का शव ज्यादा पुराना नहीं है। शुक्रवार की रात को युवक की हत्या करने के बाद शव को नाले में फेंका गया होगा, जोकि दोपहर बाद फूलकर नाले में पानी के ऊपर आ गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में रखवाया है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया और कार्रवाई शुरू कर दी। इस मामले में जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है। मृतक युवक की पहचान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के थानों में लोगों की गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाली जा रही हैं। गांव व घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

सीआईए ने स्मैक के साथ दो नशा तस्कर किए गिरफ्तार

नूंह। नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत नूंह सीआईए टीम को एक बड़ी कामयाबी मिली है। टीम ने 10.37 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव घासेड़ा निवासी राहुल और मुबारिक उर्फ मुब्बा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से स्मैक के अलावा एक डिजिटल कांटा भी बरामद किया है, जिसका इस्तेमाल नशीले पदार्थों को तौलने में किया जाता था। पुलिस के अनुसार नूंह सीआईए की एक टीम 29 नवंबर की शाम करीब 6 बजे नूंह–सोहना रोड पर गांव घासेड़ा के पास गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि दो नशा तस्कर गांव हिरमथला के पास इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप से आगे स्थित एक सुनसान कोठड़ी में स्मैक बेचने की तैयारी में बैठे हैं। सूचना मिलते ही टीम मौके पर दबिश देकर कोठड़ी में छिपे दो युवकों को काबू कर लिया। नियम अनुसार दोनों आरोपियों की तलाशी ली गई। इस दौरान आरोपी राहुल की लोअर की जेब से एक डिजिटल कांटा बरामद हुआ, जबकि आरोपी मुबारिक उर्फ मुब्बा की जेब से पारदर्शी पॉलिथीन में रखी 10.37 ग्राम स्मैक (चिट्टा) मिली।

रोल बॉल एसोसिएशन ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

रोल बॉल एसोसिएशन गुरुग्राम ने विभिन्न आयु वर्गों के विजेता खिलाड़ियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड–33 की पार्षद सरिका भारद्वाज एवं प्रशांत भारद्वाज उपस्थित रहे। उनके साथ रोल बॉल एसोसिएशन के प्रधान गजराज नाहरवाल ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में गुरुग्राम के अंडर–9, अंडर–11, अंडर–14 और अंडर–17 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने सभी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर वार्ड–33 के पार्षद प्रशांत भारद्वाज ने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि गुरुग्राम के सेक्टर–4 में रोल बॉल का एक समर्पित ग्राउंड शीघ्र ही विकसित कराया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मिल सकेगा। कार्यक्रम में गुरुग्राम के सभी प्रमुख कोच राजेंद्र, हरीशंकर, इरफ़ान, नज़ाकत आदि थे।

बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले को सम्मान

गुरुग्राम | सेक्टर-22 स्थित रोटरी पब्लिक स्कूल में 38वें वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर टीएन सुब्रमण्यन, विशिष्ट अतिथि, डीएलजेएम ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन श्रीपाल जैन, स्कूल प्रबंध समिति के चेयरमैन अनिल जैन समेत अनेक रोटेरियन ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम की धुनों पर बांसुरी वादन और स्कूल बैंड ''बीट ब्रिगेड'' के ढोल और गूंजते बैगपाइप की गड़गड़ाहट के साथ हुई। इस दौरान स्कूल के वार्षिक रिपोर्ट प्रधानाचार्या डायरेक्टर संदीपा राय ने प्रस्तुत की। इस समारोह में बोर्ड कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। वर्ष 2024-25 स्कूल के टॉपर विशेष शर्मा (नॉन-मेडिकल), राज मिश्रा (मेडिकल), नूपुर बिष्ट (कॉमर्स) और हर्षिता यादव (मानविकी) को सम्मानित किया गया।

आधी रात को पुलिस ने चोरी के 15 मोबाइल किए बरामद

नूंह| पुलिस ने चोरीशुदा मोबाइल फोन की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह पर कार्रवाई करते हुए चोरी के 15 मोबाइल बरामद किए हैं। इन मोबाइलों की बाजार कीमत डेढ़ लाख रुपये से अधिक आंकी जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी सुनहेड़ा बॉर्डर से की गई है।

शनिवार-रविवार की रात बिछौर थाना पुलिस की एक टीम एसआई प्रीतम सिंह के नेतृत्व में गश्त पर थी। इसी दौरान सुनहेड़ा बॉर्डर के पास नेहदा गांव जाने वाली सड़क किनारे खेतों में कुछ लोग मोबाइल फोन की डील कर रहे थे। इसकी सूचना जब पुलिस को मिली तो पुलिस ने मौके पर रेड की। पुलिस की गाड़ी देखकर आरोपी भागने लगे। दो युवक एक मोटरसाइकिल पर बैठकर फरार हो गए, जबकि दो उबड़-खाबड़ रास्ते का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस टीम ने आरोपियों का पीछा करने का प्रयास भी किया लेकिन ये काबू नहीं आ सके। आरोपित मौके पर अपना एक पिट्ठू बैग छोड़ गए। बैग की तलाशी लेने पर उसमें 15 मोबाइल फोन बरामद हुए। फोन अलग-अलग ब्रांड के हैं। पुलिस ने सभी मोबाइल फोन जब्त कर सील कर दिए। पुलिस ने मौके से फरार हुए दो आरोपियों की शिनाख्त कर ली है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार दो नामजद आरोपियों के साथ कुल चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक गंभीर, पैर कटा

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

बादशाहपुर थाना एरिया में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में ऑटो चालक का पैर कट गया और सिर में गंभीर चोट आई हैं। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

राजस्थान के झुंझनू निवासी दिलीप सैनी गुरुग्राम में टैक्सी चलाता है। वह स्विफ्ट डिजायर लेकर 28 नवम्बर को एरिया मॉल की तरफ जा रहा था। उसके आगे एक वैगनार कार व पीछे एक सीएनजी ऑटो चल रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने सीएनजी ऑटो में टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त की ऑटो स्विफ्ट डिजायर से जा टकराया वहीं दिलीप का कार आगे चल रही वैगनार से टकरा गई। हादसे में ऑटो चालक यूपी के एटा निवासी संदीप का पैर कट गया और सिर पर गंभीर चोट आई। जिसे पुलिस को बुलाकर अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में पुलिस ने चालक नेपाल मूल के राजन केसी को काबू कर ट्रक को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने दिलीप सैनी की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कॉर्पोरेट्स अधिकारियों ने दिए स्टूडेंट्स को टिप्स, बातचीत की

गुरुग्राम | भोंडसी-दमदमा रोड स्थित जेके बिजनेस स्कूल में इंडस्ट्री–अकादमिक मीट समागम 2025 में कॉर्पोरेट्स अधिकारियों ने स्टूडेंट्स को करियर संबंधित टिप्स दिए। इसमें बैंकिंग, कंसल्टिंग, टेक्नोलॉजी, वित्तीय संस्थान, रेटिंग एजेंसियां, ई-कॉमर्स, मानव संसाधन एवं शिक्षा क्षेत्र से 32 कॉर्पोरेट अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान संस्थान का प्रतिनिधित्व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, जेके टेक्नोसॉफ्ट एवं सदस्य सतीश चंद्र गुप्ता, डॉ. प्रो. बीके मोहंती व वरुण तोमर द्वारा किया गया। साथ ही निदेशक डॉ. चारु बंसल ने शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए उद्योग से मिलने वाले इनपुट्स के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने फैकल्टी की भूमिका और परिसर के वातावरण को भी महत्वपूर्ण बताया, जिसका छात्रों के शैक्षणिक विकास पर गहरा असर पड़ता है। इस दौरान कई तरह की क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसके अलावा अतिथियों ने छात्रों और फैकल्टी सदस्यों के साथ उत्साहपूर्ण बातचीत का आनंद लिया। विद्यार्थियों को करियर संभावनाओं, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल मार्केटिंग, ब्रांडिंग और उद्योग की स्किल आवश्यकताओं पर महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

गुरुग्राम। मीट समागम में उपस्थित कॉर्पोरेट्स प्रतिनिधि।